# स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने को 4000 करोड़ का इनोवेशन फंड

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ** : प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश इनोवेशन फंड (यूपीआइएफ) के गठन का निर्णय लिया है। यूपीआइएफ में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता 400 करोड़ रुपये होगी। प्रयास होगा कि यूपीआइएफ के लिए 1200 करोड़ से 3600 करोड़ रुपये तक की धनराशि निजी निवेशकों से

**राज्य सरकार की होगी 400 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी, निजी निवेशकों के माध्यम से जुटाए जाएंगे 3600 करोड़ रुपये**

प्राप्त की जाए। इस तरह यूपीआइएफ का कुल आकार 4000 करोड़ रुपये होगा। वित्त विभाग ने इस बारे में शासनादेश जारी कर दिया है।

यूपीआइएफ में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के 400 करोड़ रुपये की रकम प्राविधिक तथा उच्च शिक्षण संस्थाएं उपलब्ध कराएंगी। उन्हें यह धनराशि एकमुश्त न उपलब्ध कराकर दो से तीन वर्षों में मुहैया करानी होंगी। यूपीआइएफ के स्वरूप, संचालन और उसमें राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के सापेक्ष विभिन्न प्राविधिक व उच्च शिक्षण संस्थाओं के योगदान की धनराशियों के निर्धारण आदि के बारे में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित एम्पावर्ड कमेटी की सिफारिशों के आधार पर शासन निर्णय लेगा। यूपीआइएफ के लिए निजी निवेशकों से धनराशि जुटाने का दायित्व फंड के इन्वेस्टमेंट मैनेजर का होगा। उस पर यूपीआइएफ के प्रबंधन और निवेश संबंधी निर्णयों की जिम्मेदारी भी होगी।